दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

# श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ रविवार ♦ 08 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 909

# सरपंचाई में जनता का जनादेश, कई पुराने चेहरों की वापसी और कई पूर्व व निवर्तमान सरपंचों को दी शिकस्त



विशेष रिपोर्ट
विशाल स्वामी
पत्रकार

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स**

**8 नवंबर 2026।** सरपंचाई के चुनाव में गांवों की जनता ने अपने जनादेश से ग्रामीण राजनीति की नई तस्वीर सामने रख दी है। कहीं राजनीतिक परिवारों का प्रभाव देखने को मिला तो कहीं सक्रिय नेताओं को ग्रामीणों ने सरपंचाई की कुर्सी तक पहुंचाया। कई पूर्व और निवर्तमान सरपंचों पर जनता ने पुनः भरोसा जताया, वहीं कुछ पुराने चेहरों को चुनावी मैदान में पराजय का सामना करना पड़ा। जनता ने रीड़ी, गुसाईसर बड़ा, आड़सर, उदरासर और लखासर के वर्तमान सरपंचो को ही पुनः चुनकर मौका दिया है। ये चेहरे लगातार 10 वर्ष अपनी ग्राम पंचायत का नेतृत्व करने वाले चेहरे बनेंगे। चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण राजनीति में राजनीतिक पहचान, परिवार का प्रभाव और जनता के बीच सक्रियता के साथ मतदाताओं का अपना निर्णय भी निर्णायक रहा है।

### पूर्व सरपंचों की वापसी, कई पुरान चेहरों पर फिर भरोसा

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** सरपंचाई के चुनाव में कई निवर्तमान सरपंचों को ग्रामीणों ने दोबारा मौका दिया है। रीड़ी में निवर्तमान सरपंच गुड्डीदेवी के पति एवं सरपंच प्रतिनिधि रहे हेतराम जाखड़ ने पुनः जीत हासिल की। उदरासर में निवर्तमान सरपंच किश नाराम गोदारा, लखासर में निवर्तमान सरपंच प्रतिनिधि गोवर्धन खिलेरी, आड़सर में निवर्तमान सरपंच कलावती देवी के जेठ भगवती प्रसाद जोशी तथा गुसाईसर बड़ा में निवर्तमान सरपंच सत्यनारायण सारस्वत की पत्नी कौशल्या को लगातार दूसरी बार अवसर देकर भरोसा जताया है। वहीं ऊपनी में पूर्व सरपंच हरिराम गोदारा को जनता ने वापस चुना। बाना में पूर्व सरपंच मेनका एक कार्यकाल के बाद फिर सरपंच बनीं। उनके प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच भंवरलाल बाना को भी ग्रामीणों का समर्थन मिला। राजेडू में पूर्व सरपंच श्रवण मदेरणा ने जीत दर्ज की। मोमासर में पूर्व सरपंच रामूराम गोदारा के पुत्र मनफूल गोदारा को ग्रामीणों ने सरपंचाई सौंपी। जैतासर में पूर्व सरपंच ओमप्रकाश सेन पर भी जनता ने पुनः भरोसा जताया। सांवतसर में भी महीराम विश्नोई के भाई की पत्नी कविता सुशील विश्नोई सरपंच बनी है। समंदसर में भी पूर्व सरपंच पोमाराम को और कुनपालसर में पूर्व सरपंच भंवरलाल कंस्वा की पत्नी को भी ग्रामीणों ने दोबारा अवसर देकर विश्वास जताया।

### पुराने सरपंचों को जनता ने हराया

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** ग्रामीण राजनीति में बदलाव की तस्वीर भी सामने आई। बींझासर में निवर्तमान सरपंच को पराजय का सामना करना पड़ा। तोलियासर में पूर्व सरपंच गिरधारीसिंह, जोधासर में भंवरसिंह और बरजांगसर में पूर्व सरपंच प्रियंका सिहाग को ग्रामीणों ने चुनाव में हराया। शेरूणा में पूर्व सरपंच तोलाराम भादू तथा एडवोकेट बाबूलाल सारस्वत भी सरपंचाई की दौड़ में पीछे रह गए।

### जनता ने इन राजनीतिक चेहरों पर जताया भरोसा

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** क्षेत्र में भारतीय किसान संघ में सक्रिय और भाजपा नेता के रूप में पहचान रखने वाले तोलाराम जाखड़ की पत्नी भंवरीदेवी जाखड़ को इंदपालसर गुसाईसर की जनता ने भारी समर्थन देकर सबसे बड़ी जीत का तोहफा दिया। पूर्व जिला प्रमुख मेघाराम महिया की पत्नी कल्याणसर पुराना में 47 मतों से विजयी हुईं। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कोडाराम भादू ने सूडसर में 599 मतों से जीत दर्ज कर ग्रामीणों का विश्वास हासिल किया। केंद्रीय कानून मंत्री के पीए विक्रम राजपुरोहित की पत्नी ज्योति राजपुरोहित को तोलियासर में 111 मतों से जीत मिली। जैसलसर में कांग्रेस नेता चांदराम चाहर की पत्नी ने सरपंच पद हासिल किया। सीपीआईएम नेता मालचंद नैण की पुत्रवधू एवं पूर्व सरपंच ने भी पुनः जीत दर्ज की। सत्तासर में दिवंगत भाजपा नेता विक्रमसिंह की पत्नी मंगेज कंवर को ग्रामीणों ने भारी समर्थन दिया। जिला परिषद सदस्य हरिराम गोदारा की पत्नी भी सरपंच निर्वाचित हुईं। उल्लेखनीय है कि हरिराम गोदारा की माता भी पूर्व में सरपंच रह चुकी हैं।

### जनता की अदालत में कई राजनीतिक चेहरे हुए पराजित

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** चुनावी मैदान में कई राजनीतिक परिवारों और सक्रिय नेताओं को भी मतदाताओं ने स्वीकार नहीं किया। पूर्व प्रधान सूरजमल भुवांल की पुत्रवधू को हार का सामना करना पड़ा। पूर्व जिला परिषद सदस्य धाईदेवी के पति मांगीलाल बाना भी सरपंचाई हासिल नहीं कर सके। दलित एवं कांग्रेस नेता राजेंद्र बापेऊ को भी ग्रामीणों ने पराजित किया। भाजपा नेता सीताराम सोनी की पुत्रवधू को भी चुनाव में हार मिली। इन परिणामों ने दर्शाया कि राजनीतिक पहचान और पूर्व सक्रियता के बावजूद मतदाताओं का समर्थन जीत की गारंटी नहीं बना।

### जनादेश ने दिया गांवों की राजनीति का संदेश

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** पंचायती राज चुनाव के इन परिणामों में ग्रामीण मतदाताओं ने कहीं पुराने नेतृत्व को स्वीकार किया तो कहीं नए चेहरों को अवसर दिया। राजनीतिक परिवारों के प्रत्याशियों को भी जीत और हार दोनों का सामना करना पड़ा। पूर्व एवं निवर्तमान सरपंचों की वापसी के साथ कई जगह बदलाव की लहर भी दिखाई दी। चुनाव परिणामों ने एक बार फिर साबित किया कि गांवों की राजनीति में अंतिम निर्णय मतदाता का ही होता है। जनता का विश्वास हासिल करने वाले चेहरे सरपंचाई तक पहुंचे, जबकि जिनके पक्ष में जनसमर्थन नहीं बना, उन्हें चुनावी मैदान से बाहर होना पड़ा।




## पीटीआई सहित विभिन्न पदों पर होगी भर्ती, दीपावली बाद जारी होगी विज्ञप्ति

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** दीपावली के अवसर पर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSMSSB) नवंबर में करीब 2,400 पदों पर तीन नई भर्तियों की विज्ञप्ति जारी करने की तैयारी में है। शिक्षा विभाग, यूडीएच, जल संसाधन और वित्त विभाग में फिजिकल टीचर इंस्ट्रक्टर (पीटीआई), जूनियर इंजीनियर और टैक्स असिस्टेंट के पद भरे जाएंगे। कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज के अनुसार, जूनियर इंजीनियर (JEN) के करीब 900 पदों के लिए विज्ञापन 15 नवंबर तक जारी हो सकता है, जबकि पीटीआई और टैक्स असिस्टेंट की विज्ञप्तियां आचार संहिता के बाद आएंगी। भर्ती में फिजिकल टीचर इंस्ट्रक्टर (पीटीआई) के 1200, जूनियर इंजीनियर के 900 और टैक्स असिस्टेंट के 300 पद शामिल हैं।

## दिल्ली में कुमारी शैलजा से मिले अशोक बुड़िया, बीकानेर संभाग के राजनीतिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** बीकानेर संभाग के राजनीतिक परिदृश्य में युवा नेताओं की सक्रियता के बीच राजकीय डूंगर कॉलेज, बीकानेर के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अशोक बुड़िया ने आज नई दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री, लोकसभा सांसद एवं उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच बीकानेर संभाग के वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक हालात और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विदित रहें बुड़िया की चाची कमला पत्नी रामरतन बुड़िया ने गोपालसर ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर जीत दर्ज की है। एक ओर परिवार की ग्रामीण राजनीति में मजबूत उपस्थिति सामने आई है, वहीं दूसरी ओर अशोक बुड़िया की दिल्ली में वरिष्ठ कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात ने क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को गति दी है।

## श्रीडूंगरगढ़ में 10 नवंबर से सजेगा भागवत कथा का पांडाल, सात दिन तक बहेगी भक्ति की सरिता

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** कस्बे के कालूबास स्थित नेहरू पार्क में श्री कृष्ण सत्संग समिति के तत्वावधान में 10 से 16 नवंबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कथा के शुभारंभ अवसर पर 10 नवंबर को सुबह 10 बजे पाराशर मंदिर से कथा स्थल नेहरू पार्क तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। कथा वाचन पूज्य डॉ. स्वामी वागीश स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज करेंगे। वहीं परम पूज्य अनन्त श्रीविभूषित दण्डी स्वामी रामानन्द तीर्थ महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा। समिति की ओर से क्षेत्र के नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर कथा श्रवण करने और धर्मलाभ प्राप्त करने का आव्हान किया गया है।

## 108 एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, मेडिकल कर्मी की तत्परता से सुरक्षित हुआ प्रसव

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** रूप चौदस के दिन अलसुबह एक परिवार के घर खुशियों ने दस्तक दी। शेरुणा 108 एम्बुलेंस में मेडिकल कर्मी की तत्परता से इमरजेंसी स्थिति में प्रसूता का सुरक्षित प्रसव करवाया गया। प्रसूता ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार देर रात एक सिनीयला निवासी एक परिवार प्रसूता को लेकर सेरूणा पीएचसी पहुंचा था। यहां से चिकित्सक ने उसे बीकानेर पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। बीकानेर ले जाते समय रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने पर 108 एम्बुलेंस में तैनात नर्सिंग स्टाफ कृष्णकांत ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित प्रसव करवाया। अपने गांव से गम्भीर अवस्था मे बीकानेर पीबीएम रैफर की प्रसूता की डिलिवरी बीकानेर में प्रवेश करते ही डूंगर कालेज के पास करवानी पड़ी। सुबह 3.35 बजे हुई डिलेवरी में माँ-बच्चा स्वस्थ होने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। एम्बुलेंस पायलट पवन कुमार ने बताया कि प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ



हैं। दोनों को बीकानेर पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। परिवार ने विषम परिस्थिति में तत्परता दिखाने वाले दोनों एम्बुलेंस कर्मियों का आभार जताया।

## श्रीडूंगरगढ़ होकर जाएगी हनुमानगढ़-पटना-हनुमानगढ़, त्योहारी सीजन में मिली बड़ी सौगात

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** रेलवे द्वारा त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए हनुमानगढ़-पटना-हनुमानगढ़ एवं कोटा-रशीदपुर खोरी-कोटा स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। चोखी यात्रा डॉट कॉम के महेश बोहरा ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ अंचल के लोगों को रेलवे द्वारा चलाई जा रही स्पेशल रेल सेवा हनुमानगढ़-पटना-हनुमानगढ़ साप्ताहिक का लाभ मिल सकेगा। बोहरा ने बताया कि ये ट्रेन गाड़ी संख्या 04737, हनुमानगढ़-पटना साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 11.11.26 से 25.11.26 तक (03 ट्रिप) हनुमानगढ़ से प्रत्येक बुधवार को 10.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 19.30 बजे पटना पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04738, पटना-हनुमानगढ़ साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 12.11.26 से 26.11.26 तक (03 ट्रिप) पटना से प्रत्येक गुरुवार को 22.00 बजे रवाना होकर शनिवार को 09.00 बजे हनुमानगढ़ पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में पीलीबंगा, सूरतगढ़, लूनकरनसर, लालगढ़, बीकानेर, श्रीडूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ़ सीकर, सीकर, रींगस, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, टूंडला, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज (वाया मिर्जापुर), पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। विदित रहें चोखी यात्रा डॉट कॉम की सेवाएं श्रीडूंगरगढ़ में सभी प्रकार की टिकिटें बनाने के लिए उपलब्ध है। क्षेत्रवासियों को इससे टिकिटें बनाने की सुविधा विश्वसनीयता के साथ मिल रही है।

## तेज स्पीड कार भिड़ी गायों के झुंड से, चार गौवंश ने मौके पर ही दम तोड़ा, सवार हुए चोटिल

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** हाइवे पर शनिवार रात जबरदस्त हादसा हुआ जिसमें एक आर्मी परिवार चोटिल हुआ और चार गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हाइवे पर जोधासर से झंझेऊ के बीच करीब 10 बजे बीकानेर से चूरू जा रहें एक फौजी परिवार की तेज स्पीड कार गाय के झुंड से टकरा गई। कार सड़क से नीचे उतर गई व क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर में चार गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया व अन्य दो तीन घायल हुई। सेरूणा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। लखासर टोल प्लाजा की टीम मौके पर पहुंची और कार सवारों को संभाला। सभी कार सवार सुरक्षित रहें और बच्चे व महिला चोटिल हुए। चोटिलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। टोल क्रेन से मृत गायों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू करवाया गया।





## दीपावली विशेष कवि लेखक रवि पुरोहित की कलम से



**सुनो दीप!**
**इस बार**
**घर से थोड़ा बाहर भी जलना।**
**उन हाथों में उजास रखना**
**जो तुम्हें गढ़ते हैं,**
**अपनी ही उम्र की मिट्टी में**
**मिटते जाते हैं।**
**उन सिरों पर चमकना**
**जिन्होंने महल उठाए,**
**मगर जिनके हिस्से**
**एक छत भी नहीं।**
**उन चूल्हों तक जाना**
**जहाँ राख में भूख की आँच**
**अब भी बाकी है।**
**उन बच्चों को देखना**
**जिनके बस्तों में**
**किताबों से पहले अभाव खुलते हैं,**
**जिनकी उम्र से पहले ही**
**बचपन बीत गया।**
**उन घरों में उतरना**
**जहाँ दीवारें रोशन,**
**मन अमावस है;**
**जहाँ एक अनुपस्थित चेहरा**
**पूरे घर में स्मृति बनकर जलता है।**
**उन आँखों में ठहरना**
**जहाँ लौटने की कोई आहट नहीं,**
**फिर भी प्रतीक्षा जिद्द नहीं छोड़ती।**
**सुनो दीप!**
**इस बार अपने नीचे भी**
**थोड़ा उजाला करना।**
**तुम्हारी लौ के साये में**
**जो अँधेरा पलता है,**
**वही तुम्हारी रोशनी का**
**सबसे कठिन सवाल है।**
**दीपावली की तस्वीर में**
**कुछ खाली हथेलियाँ रखना,**
**कुछ अनचीन्हे चेहरे,**
**कुछ अधूरे आकाश।**
**दीप जलें तो केवल घर नहीं,**
**मनुष्यता के**
**बुझे हुए कोने भी रोशन हों।**
**उजाला दीपों की गिनती नहीं,**
**किसी के हिस्से का अँधेरा कम होना**
**है। जिस दिन रोशनी का हिस्सा**
**सबको मिलेगा,**
**उसी दिन**
**दीपावली का होना**
**और शुभ दीपावली! शुभेच्छाओं का**
**आदान-प्रदान सार्थक होगा।**

रवि पुरोहित - बीकानेर









# भैरव भक्त मंडल ने किया तोलियासर की नव निर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि का सम्मान



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** श्री भैरव भक्त मंडल श्रीडूंगरगढ़ द्वारा तोलियासर ग्राम पंचायत की नव निर्वाचित सरपंच ज्योति कंवर राजपुरोहित एवं उनके प्रतिनिधि विक्रम राजपुरोहित का सम्मान किया। मंडल सदस्य तोलियासर पहुंचे और मोहनसिंह राजपुरोहित का भी दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। वहीं सरपंच प्रतिनिधि विक्रमसिंह राजपुरोहित को दुपट्टा एवं संस्था का स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष देवेन्द्र उपाध्याय, मंत्री विमल चुरा, संगठन मंत्री अशोक झाबक, कार्यसमिति सदस्य दीपक सेठिया सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। तोलियासर से मांगीलाल राजपुरोहित, गोपाल सिंह, भींव सिंह, शिवरतन राजपुरोहित, मघराज, कालूसिंह, घनश्याम सिंह एवं प्रताप सिंह सहित अनेक गांव के मौजिज लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। विक्रमसिंह ने सभी का आभार जताया।

# ग्राम पंचायतों में विकास का संकल्प, पहली बैठकों में जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** पंचायती राज चुनाव 2026 के बाद ग्राम पंचायतों में नई सरकार ने कामकाज संभालना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रथम बैठकें आयोजित हुईं। कहीं पूर्व सरपंचों ने नई पंचायत को कार्यभार सौंपा तो कहीं नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों का अभिनंदन किया गया। जन प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के सहयोग से गांवों के विकास, सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने और जनसमस्याओं के समाधान का संकल्प लिया।

**मोमासर में मनफूलराम गोदारा की अगुवाई में नई पंचायत, पन्नालाल वाल्मीकि बने उपसरपंच**

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** ग्राम पंचायत मोमासर में सरपंच मनफूलराम गोदारा एवं नवनिर्वाचित पंचों के साथ पंचायत की नई पारी शुरू हुई। निर्वाचन अधिकारी बलदेव सिंह के अनुसार चुनाव में आठ सरपंच प्रत्याशी मैदान में थे तथा वार्ड पंचों के लिए 38 प्रत्याशियों ने भाग लिया। 20 वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि शेष नौ वार्ड पंचों एवं सरपंच पद के लिए मतदान हुआ। उपसरपंच चुनाव में पन्नालाल वाल्मीकि को 18, सत्यनारायण को एक तथा पेमा देवी को 11 मत मिले। पन्नालाल वाल्मीकि उपसरपंच निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायत के 29 वार्डों में शायरा, जेठी देवी, मालाराम, भंवराराम, खिंयाराम, धन्नाराम, श्यामलाल, पन्नालाल, नरपत सिंह, गीता, हीराराम, बजरंगलाल, सरोज, शिवरतन, चंद्रा, रामेश्वरलाल, सत्यनारायण, मुन्नीराम, नानू, तखी, मनोहरी, माली देवी, मोनिका, शीला, पेमा देवी, रामकरण, गंगा, इचू देवी एवं नजमा पंच निर्वाचित हुए। वार्ड 29 से चोखाराम पंच बने।




# सोनियासर मीठिया में पूर्व सरपंच ने सौंपा कार्यभार, सुमित्रा देवी बनी सरपंच



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** ग्राम पंचायत सोनियासर मीठिया में नवनिर्वाचित पंचायत की प्रथम बैठक आयोजित हुई। इस दौरान पूर्व सरपंच नंदकिशोर ने नई सरपंच सुमित्रा देवी हेतराम मेघवाल को कार्यभार सौंपा तथा सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों का फूलमालाओं से स्वागत किया। यहां धापू देवी श्रवणराम उपसरपंच निर्वाचित हुईं। वार्ड पंचों में पूजा रांगेरा जैसाराम, नोपाराम मेघवाल, धापू देवी श्रवणराम, जस्सुराम ज्याणी, केसर देवी राजूराम, शंकरलाल ज्याणी, लाल सिंह, सोनी देवी रतनदास एवं जगमाल सिंह शामिल हैं। बैठक में मंजू मेहरा, भंवरलाल जोशी, रतनदास, संग्राम, जैसाराम, हेतराम, पवन कुमार सहित सरपंच, उपसरपंच एवं महिला पंचों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने की जानकारी दी।




# पुंदलसर में सबसे कम उम्र की सरपंच विद्या कंवर ने संभाली जिम्मेदारी



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** ग्राम पंचायत पुंदलसर में पूर्व सरपंच किशनाराम नाई ने नवनिर्वाचित सरपंच विद्या कंवर को पंचायत की चाबियां सौंपकर कार्यभार हस्तांतरित किया। पूर्व सरपंच ने सरपंच विद्या कंवर एवं उपसरपंच कमला कंवर का स्वागत कर शुभकामनाएं दी। पंचायत के वार्ड 1 से पप्पूसिंह, वार्ड 2 से अजीतसिंह, वार्ड 3 से धापूदेवी, वार्ड 4 से संतोष बरोड़, वार्ड 5 से सोनू कंवर, वार्ड 6 से भवानी शंकर तथा वार्ड 7 से कमला कंवर पंच निर्वाचित हुए। क्षेत्र में सबसे कम उम्र की सरपंच बनने का अवसर प्राप्त करने वाली विद्या कंवर ने गांव में विकास कार्य करवाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने की बात कही। उनके प्रतिनिधि एवं पिता मेघसिंह ने ग्रामीणों का आभार जताया।



दीपावली पर सेवा और धर्ममय कार्यों में डूबा श्रीडूंगरगढ़

# जरूरतमंद परिवारों के घर रोशन की दीपावली, नर नारायण सेवा संस्थान ने बांटी खुशियां

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 08 नवंबर 2026।** दीपावली का पर्व केवल अपने घरों को रोशन करने का नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियों का उजाला फैलाने का अवसर है। इसी सेवा भावना के साथ श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में कार्यरत नर नारायण सेवा संस्थान द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में 41 जरूरतमंद परिवारों के घरों तक त्योहार की खुशियां पहुंचाई जा रही हैं। संस्थान की ओर से इन परिवारों को मिठाई, भुजिया, पूजन सामग्री और दीपक वितरित किए जा रहे हैं, ताकि आर्थिक अभाव के कारण किसी परिवार की दीपावली की खुशियां फीकी ना रहें। संस्थान के संस्थापक धनराज जस्सू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोद लिए गए सभी जरूरतमंद परिवारों तक संस्थान सहयोगकर्ताओं द्वारा दीपावली का सामान पहुंचाया जा रहा है। संस्थान अध्यक्ष सुषमा श्याम करनानी एवं आनंद जोशी की देखरेख में सेवादार परिवारों तक सामग्री पहुंचा रहे हैं। धनराज जस्सू ने बताया कि नर नारायण सेवा संस्थान द्वारा श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के आसपास के गांवों के साथ बीकानेर, बाड़मेर और अलवर के जरूरतमंद परिवारों को भी गोद लिया गया है। संस्थान के मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी ने बताया कि संस्थान की ओर से क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की गई है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास रहने वाले किसी असहाय और जरूरतमंद परिवार के जीवन में खुशियां पहुंचाने का प्रयास करें ताकि दीपावली का वास्तविक संदेश हर घर तक पहुंच सके।

# नये कलेवर में रेस्टोरेंट, शहरी भव्यता के अहसास के साथ शानदार स्वाद



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** करणी रिसोर्ट का रेस्टोरेंट भी अब नए अंदाज में नजर आ रहा है। रेनोवेशन के बाद यहां शानदार इंटीरियर और भव्य लुक तैयार किया गया है। रेस्टोरेंट में प्रवेश करते ही एक ओर आकर्षक रिसेप्शन नजर आता है, वहीं दूसरी ओर मनोरंजन के लिए पूल टेबल की सुविधा भी दी गई है। स्वाद और शुद्धता को प्राथमिकता देते हुए यहां अनुभवी एवं प्रोफेशनल शेफ की टीम कार्यरत है। भोजन तैयार करने में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जाता है तथा हर व्यंजन के स्वाद और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है। श्रीडूंगरगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रवासियों के साथ ही बाहर रहने वाले प्रवासियों के लिए अब गांव आने पर उच्च स्तरीय रेस्टोरेंट सेवाएं मिल सकेगी।





शुभेच्छु :
भारती निकेतन एज्यु हब, श्रीडूंगरगढ़
Contact : +91 70144 44381, +91 86966 26052











# पालिका ने फायर ब्रिगेड व अग्निशमन यंत्रों को किया अलर्ट, भाजपा के नानूराम प्रजापत को शहर मंडल उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** दीपावली के पर्व पर शहरवासियों की सुरक्षा एवं सेवा को लेकर पालिका व भाजपा ने संयुक्त रूप से विशेष तैयारी की है। पालिका द्वारा पटाखों से संभावित आगजनी एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए नगरपालिका की फायर ब्रिगेड और अग्निशमन यंत्रों को तैयार रखने की व्यवस्था की गई है। नगरपालिका अध्यक्ष नारायण कालाणी ने बताया कि दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान आगजनी की आशंका को देखते हुए आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय रखने की पहल की गई है, ताकि किसी भी घटना की स्थिति में त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके। उन्होंने शहरवासियों से पटाखे चलाते समय सावधानी बरतने, बच्चों का विशेष ध्यान रखने तथा सुरक्षा नियमों की पालना करने की अपील की। नगरपालिका उपाध्यक्ष विनोद गिरि गुसाई ने बताया कि पालिका के साथ भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारी भी जरूरत पड़ने पर सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस दौरान आमजन आपात परिस्थितियों में नगरपालिका फायर ब्रिगेड= 01565-222101, पालिकाध्यक्ष 9829149142 व उपाध्यक्ष 9414416313 को सूचना दे सकेंगे। सेवा अभियान में भाजपा शहर मंडल के युवा भी सहयोग के लिए तत्परता से अपनी सेवाएं देंगे।

### नानूराम प्रजापत को मंडल उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** भाजपा शहर मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पार्षद प्रतिनिधि नानूराम कुचेरिया को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शहर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम दर्जी ने पार्टी के जिला पदाधिकारी की निर्देशानुसार नियुक्ति करते हुए कुचेरिया को शुभकामनाएं दी।

# बाजार में चप्पे चप्पे पर तैनात पुलिस जवान, पैदल गश्त करेंगे अधिकारी, रहेगी असामाजिक तत्वों पर नजर



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** शनिवार को बाजार खासी रौनक रही और लोगों ने जमकर दीपावली की खरीददारी की। बाजार की सभी गलियां और दुकानें ग्राहकों से गुलजार नजर आई। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने शांति व सुरक्षा हेतु शनिवार व रविवार को बाजार में चप्पे चप्पे पर जवानो की तैनाती की है। मुख्य बाजार में व्यवस्था के लिए लिए वाहनो का प्रवेश बंद कर दिया गया है। जिससे बाजार में पैदल आवागमन बाधित ना हो। वहीं यातायात बिगाड़ने वालों, असामाजिक तत्वों और अवांछित हरकते करने वालों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने करीब डेढ दर्जन स्थानों पर पुलिस जवानो की तैनाती की है। थानाधिकारी कश्यप सिंह ने बताया कि घूमचक्कर सर्किल से सब्जी मंडी, टैक्सी स्टेंड, एसबीआई बैंक, उपजिला अस्पताल, हाईस्कूल रोड, घास मंडी, रानी बाजार, विजय स्टोर, गांधी पार्क, अमीर पट्टी में जवानों को तैनात किया गया है। वहीं पैदल गश्ती दल बनाएं है जो शनिवार व रविवार को बाजार में पैदल गश्त करते हुए नजर रखेंगे। विदित रहें इससे पूर्व शनिवार सुबह थानाधिकारी ने पूरे दल बल के साथ बाजार का राउंड लिया और व्यवस्था सुचारू के निर्देश दिए।

### वाहन चालक हुए परेशान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। पुलिस द्वारा मुख्य बाजार में अनेक रास्ते पोल व बेरिकेट्स लगाकर बंद कर दिए है जिससे अनेक वाहन चालक परेशान हुए। वहीं बता देवें रविवार को भी यही व्यवस्था रहेगी। बाजार में पैदल ग्राहकों व राहगीरों के लिए खुला रखा गया है। वाहन चालकों को घूम कर आना जाना पड़ा। वहीं गांवो से आने वाले वाहन भी बाजार के बाहर ही खड़े हुए और खरीददारी पैदल ही पूरी की गई।







# गांव में सुख समृद्धि की कामना के साथ स्वयंसेवकों ने जलाए गौशाला में 7101 दीपक













**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** क्षेत्र के गांव तोलियासर में पूरे गांव में सुख व समृद्धि की कामना के साथ स्वयंसेवकों ने भैरव नंदी गोपाल गौशाला और खेतेश्वर वाटिका में शनिवार को 7101 दीपक जलाएं है। पर्यावरण प्रेमी गणेश सिंह राजपुरोहित की अगुवाई में गांव के युवा सक्रिय रहें और दीप जलाकर सामूहिक गणेश वंदना की। इस दौरान महिला शक्ति ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। राजपुरोहित ने बताया कि गत दो वर्षों से रूप चतुर्दशी की शाम गांव में सामूहिक प्रार्थना व दीपोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें स्वयंसेवक भारत देश, स्वस्तिक सहित अनेक शुभ प्रतीकों की दीप पंक्तियां सजाई। वाटिका के वृक्षों के नीचे भी दीप जलाएं गए व सभी क्षेत्रवासियों के लिए दीपावली शुभ होने की प्रार्थना की गई।

## महल जैसा हेरिटेज लुक, 120 कमरों की सुविधा और शाही स्वाद के साथ भव्य रेस्टोरेंट, श्रीडूंगरगढ़ के करणी रिसोर्ट में शुरू हुआ मेहमाननवाजी का नया अंदाज

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** शहर में शानदार ठहराव, स्वादिष्ट भोजन और भव्य आयोजनों के लिए प्रसिद्ध श्री करणी हेरिटेज रिसोर्ट ने अपनी सुविधाओं का विस्तार करते हुए नया आकर्षक स्वरूप तैयार किया है। महल जैसी भव्यता और हेरिटेज लुक के साथ सुसज्जित यह रिसोर्ट अब 120 कमरों की सुविधा के साथ मेहमानों के स्वागत के लिए तैयार है। पहले यहां 80 कमरे उपलब्ध थे, जिनकी संख्या बढ़ाकर अब 120 कर दी गई है। शादी-विवाह एवं अन्य बड़े आयोजनों को ध्यान में रखते हुए रिसोर्ट में विशाल गार्डन की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही मेहमानों की सुविधा के लिए विशेष पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। भव्य वास्तुशैली और आकर्षक परिवेश इसे खास पहचान देते हैं। साथ ही यहां का नया स्विमिंग पूल भी क्षेत्रवासियों के लिए मनपंसद पार्टी पॉइंट बन गया है।

## कैम्पर और बाइक भिड़ंत में दो युवतियां घायल, एक को किया रेफर

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** शनिवार को क्षेत्र में आडसर से मोमासर सड़क पर एक निजी विद्यालय के पास एक बाइक और कैम्पर की भिड़ंत हो गयी जिसमें बाइक सवार दो युवतियां घायल हो गयी। दुर्घटना में बाइक पर दोनों बालिकाएं थी और सामने आ रही दूध की कैम्पर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार 18 वर्षीय धापू और 20 वर्षीय भगवानी निवासी लालासर घायल हुई। उपजिला अस्पताल से घायल धापू को बीकानेर रेफर कर दिया गया। पूर्व सरपंच सत्तासर सुनील मलिक दोनों बालिकाओं को अपनी गाड़ी में लेकर अस्पताल पहुंचाया। एएसआई सुरेश कुमार गुर्जर उपजिला अस्पताल पहुंचे व मामले की जांच कर रहें है।

## सरपंच विद्या कंवर का किया सम्मान



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** ग्राम पंचायत पुंदलसर की नवनिर्वाचित सरपंच विद्या कंवर का साफा व नोटों की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान राधा देवी, जीवनी देवी, मनीषा गोदारा, अन्नाराम गोदारा, रामकरण गोदारा, धन्नाराम गोदारा, सांवरमल गोदारा, पवन गोदारा, दुलाराम गोदारा, बजरंग गोदारा, रामनिवास गोदारा, करणीसिंह शेखावत सहित अनेक मौजिज लोग शामिल रहें। सरपंच ने सभी का आभार जताया।

## नवनिर्वाचित सरपंच मनफूल गोदारा ने संभाला कार्यभार



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 8 नवंबर 2026।** क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच मनफूल गोदारा ने शनिवार को पंचायत भवन में पदभार ग्रहण किया। गोदारा ने शपथ ग्रहण करते हुए गांव के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सरिता संचेती ने गोदारा को शुभकामनाएं देते हुए कार्यभार सौंपा। समारोह में उपसरपंच पन्नालाल वाल्मीकि सहित सभी 29 वार्ड पंचों का सम्मान किया गया। बाबूलाल गर्ग ने बताया कि समारोह समारोह में बड़ी संख्या में मौजिज ग्रामीण और युवा शामिल हुए।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बीएसएफ जवानों संग मनाई दीपावली



**बीकानेर।** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुन राम मेघवाल ने हर साल की भाँति इस बार भी शनिवार शाम जिला मुख्यालय स्थित बीएसएफ हेडक्वार्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने जवानों के साथ फुलझड़ियां जलाकर दीपोत्सव की खुशियां साझा कीं। वहीं, 'जोत से जोत जलाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो' गीत गाकर जवानों में उत्साह और उमंग का संचार किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री मेघवाल ने कहा कि बीएसएफ के जवान देश की सीमाओं की मुस्तैदी से सुरक्षा कर रहे हैं, तभी देशवासी शांति और सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना पा रहे हैं। उन्होंने जवानों के समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय मंत्री एवं बीएसएफ अधिकारियों व जवानों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ हुई। इससे पूर्व बीएसएफ अधिकारियों ने बुके भेंट कर केंद्रीय मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। दीपावली के उल्लासपूर्ण माहौल में बीएसएफ के जवानों ने भी केंद्रीय मंत्री के साथ उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। श्री मेघवाल ने जवानों को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। ट्वइस अवसर पर कार्यवाहक डीआईजी श्री नवीन मोहन शर्मा, कमांडेंट श्री विक्रम कुंवर, द्वितीय कमान अधिकारी श्री प्रकाश सुरीन सहित बीएसएफ के अधिकारी, जवान एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। इनके अलावा डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, श्री गुमान सिंह राजपुरोहित, एवं एडवोकेट श्री अशोक प्रजापत भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में मंच संचालन डिप्टी कमांडेंट श्री सातार खान ने किया।






BAJAJ | THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

# आभार श्रीडूंगरगढ़

## बालाजी मोटर्स परिवार में जुड़ने के लिए

10 YEARS WARRANTY

अब कार जैसी इंजन वारंटी बजाज मोटरसाइकिल पर 10 साल या 125000 किलोमीटर तक इंजन वारंटी।

हर मोटरसाइकिल खरीद पर मिलेंगे ये सभी फ्री




हर मोटरसाइकिल खरीद पर ₹500 का पेट्रोल फ्री...

सबसे मजबूत, स्टाइलिश,, दमदार इंजन और

माइलेज का राजा, बजाज मोटरसाइकिल



हम पर भरोसा करने के लिए आपका धन्यवाद!

सस्ती मोटरसाइकिल का चक्कर छोड़ो,
बजाज मोटरसाइकिल लो और
10 साल बेफिक्र सफर करो

बालाजी मोटर्स
बीकानेर रोड़, N.H. 11, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

विक्रम स्वामी 7339967401
विशाल स्वामी श्रीडूंगरगढ़ टाईम्स

आज ही आएं और बजाज परिवार का हिस्सा बनें।


श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401